सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी (राजस्थान)

CSIR – Central Electronics Engineering Research Institute, Pilani (Rajasthan)

सं. 35/25/2020-राभा

दिनांक 24.01.2023

कार्यालय ज्ञापन

Offfice Memorandum

विषय : माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा संस्थान का राजभाषा विषयक निरीक्षण ।

सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार माननीय **संसदीय राजभाषा समिति** द्वारा **शीघ्र ही** संस्थान का राजभाषा विषयक निरीक्षण किया जाना है। कृपया ध्यान दें कि संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में संसदीय निरीक्षण प्रश्नावली विधिवत भर कर निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के हस्ताक्षर के उपरान्त माननीय संसदीय राजभाषा समिति के सचिवालय भेजी जानी है।

इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों/प्रभागाध्यक्षों/अनुभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि अपने रजिस्टर/दस्तावेज़ आदि द्विभाषी रूप से तैयार रखें तथा तत्संबंधी सूचना/जानकारी राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा माँगे जाने पर तत्काल अपने हस्ताक्षर व मोहर सहित उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।

कृपया संसदीय राजभाषा निरीक्षण/प्रश्नावली के संबंध में राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा माँगी गई सूचना को उच्च प्राथमिकता (Top priority) दें।

जय शंकर 24/1/2023

(जय शंकर शरण / JS Sharan)

प्रशासन नियंत्रक / CoA

प्रतिलिपि / Copy to –

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रमुख, पीएमईबीडी
3. प्रशासन नियंत्रक/प्रशासनिक अधिकारी
4. वित्त एवं लेखा नियंत्रक
5. सभी विभागाध्यक्षों/प्रभागाध्यक्षों/अनुभागाध्यक्षों को सूचना व आवश्यक कार्रवाई के लिए।
6. प्रभारी, एन एम सी – संस्थान की वेबसाइट के द्विभाषीकरण के संबंध में ।
7. सभी सूचना पट्ट
8. संबंधित फाइल